आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 गुरूवार 18.07.2024

मुख्य समाचारः–

1– बीजापुर जिले में माओवादियों द्वारा किए गए आईईडी विस्फोट से एसटीएफ के दो जवानों की मौत–चार अन्य जवान घायल।

2– राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा से मुलाकात के बाद प्रदेश के पटवारियों ने अपनी हड़ताल खत्म की।

3– मुख्यमंत्री ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क और परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर छत्तीसगढ़ से अयोध्या के बीच सीधा सड़क संपर्क स्थापित करने के बारे में चर्चा की।

4– छत्तीसगढ़ को दीनदयाल अंत्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन में उत्कृष्ट कार्यों के लिए आज नई दिल्ली में पांच राष्ट्रीय पुरस्कारों से नवाजा गया।

माओवादी मुठभेड़–जवान मौत

बीजापुर जिले में आज माओवादियों द्वारा किए गए हमले में स्पेशल टास्क फोर्स–एसटीएफ के दो जवानों की मौत हो गई। इस घटना में चार जवान घायल हुए हैं। जिले के पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र यादव ने बताया कि सीआरपीएफ, कोबरा बटालियन, सीएएफ, डीआरजी और एसटीएफ के जवान सुकमा–बीजापुर जिले के सीमावर्ती इलाके में सर्च ऑपरेशन के बाद लौट रहे थे। तभी तर्रेम इलाके के मंडीमरका के जंगलों में माओवादियों ने जवानों को निशाना बनाते हुए पाइप बम का विस्फोट किया। इसकी चपेट में आने से एसटीएफ के प्रधान आरक्षक भरतलाल साहू और आरक्षक सतेर सिंह की मौत हो गई।

इन दोनों जवानों को बीजापुर की पुलिस लाईन में श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर बस्तर सांसद महेश कश्यप, चित्रकोट विधायक विनायक गोयल, बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी., कलेक्टर विजय दयाराम के., पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा सहित पुलिस विभाग के अधिकारी और जवान मौजूद थे। श्रद्धांजलि देने के बाद दोनों जवानों के पार्थिव शरीर को उनके गृहग्राम के लिए रवाना किया गया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जवानों की शहादत पर दुख जताया और जवानों के परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि माओवाद के खात्मे के लिए राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान से माओवादी विचलित हैं और इस तरह की कायराना हरकतों को अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि जवानों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी।

मुख्यमंत्री–केंद्रीय मंत्री मुलाकात

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय सड़क और परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से आज मुलाकात कर प्रदेश में सड़क परियोजनाओं और आदिवासी क्षेत्रों तथा अयोध्या तक सीधी कनेक्टिविटी बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने रायगढ़–धरमजयगढ़–मैनपाट–अंबिकापुर–उत्तरप्रदेश सीमा तक कुल दो सौ बयासी किलोमीटर तक राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने की मांग की। वहीं, उन्होंने कवर्धा–राजनांदगांव–भानुप्रतापपुर–अंतागढ़–नारायणपुर–गीदम–दंतेवाड़ा–सुकमा मार्ग को भी राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने का आग्रह किया है। केंद्रीय मंत्री ने छत्तीसगढ़ में सड़क नेटवर्क को मजबूत करने के लिए विभिन्न प्रस्तावों पर जल्द से जल्द सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया।

इसके बाद मुख्यमंत्री ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला से मुलाकात की। श्री साय ने लोकसभा अध्यक्ष को राज्य में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति से अवगत कराया।

इससे पहले, मुख्यमंत्री ने कल केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से नई दिल्ली में मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से छत्तीसगढ़ के दीर्घकालिक विकास के लिए बनाए गए छत्तीसगढ़ विजन दो हजार सैंतालीस पर विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृहमंत्री को बताया कि राज्य सरकार ने माओवादियों की गतिविधियों पर लगाम लगाने और उनके वित्तीय नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए सख्त कदम उठाए हैं।

<u>पटवारी हड़ताल–खत्म</u>

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा से मुलाकात के बाद प्रदेश के पटवारियों ने अपनी हड़ताल खत्म कर दी है। श्री वर्मा ने पटवारियों को उनकी मांगों पर विचार करने का आश्वासन दिया है। आज राजस्व मंत्री ने पटवारी संघ के नेताओं को मुलाकात करने के लिए बुलाया था। करीब चालीस मिनट तक चली बैठक के बाद पटवारियों ने अपनी मांग राजस्व मंत्री के सामने रखी। बताया जा रहा है कि इस दौरान पटवारियों की विभिन्न मांगों पर चर्चा हुई।

गौरतलब है कि पटवारी अपनी बत्तीस सूत्रीय मांगों को लेकर बीते आठ जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर थे।

<u>नीट–यूजी/सुनवाई</u>

सुप्रीम कोर्ट ने आज नेशनल टेस्टिंग एजेंसी–एनटीए को निर्देश दिया कि वह शनिवार दोपहर बारह बजे तक सभी नीट–यूजी परीक्षा में शामिल छात्रों के परिणाम अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित करे। मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने उम्मीदवारों की पहचान छिपाते हुए शहर–वार और केंद्र–वार परिणाम प्रकाशित करने का निर्देश दिया। मेडिकल प्रवेश परीक्षा से संबंधित लगभग चालीस याचिकाओं पर सुनवाई अब सोमवार बाईस जुलाई को सुबह फिर से शुरू होगी।

<u>छत्तीसगढ़–पुरस्कार</u>

छत्तीसगढ़ को दीनदयाल अंत्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन में उत्कृष्ट कार्यों के लिए आज नई दिल्ली में पांच राष्ट्रीय पुरस्कारों से नवाजा गया। केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहरलाल खट्टर और केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने ये पुरस्कार प्रदान किए। केन्द्र सरकार द्वारा राज्य शहरी विकास अभिकरण–सूडा और प्रदेश के चार नगरीय निकायों – बिलासपुर, रायगढ़, चांपा और भाटापारा का चयन प्रतिष्ठित 'स्पार्क' पुरस्कारों के लिए किया गया है।

इस मौके पर केन्द्रीय राज्यमंत्री ने पुरस्कृत नगरीय निकायों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी दीनदयाल अंत्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन और पीएम स्वनिधि योजना की सफलता में सहायक रहे हैं। उन्होंने सभी राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों, नगरीय निकायों, सहभागी संस्थाओं और बैंक प्रतिनिधियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

<u>कोयला खदान</u>

दुनिया की पांच सबसे बड़ी कोयला खदानों में छत्तीसगढ़ की दो कोयला खदानें भी शामिल हैं। कोयला मंत्रालय ने बताया है कि छत्तीसगढ़ की गेवरा और कुसमुंडा खदानें दुनिया की सबसे बड़ी कोयला खदानों में, दूसरे और चौथे स्थान पर हैं। यह खदानें कोल इंडिया की सहायक कंपनी साउथ ईस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड–एसईसीएल द्वारा संचालित हैं। यह सूची वर्ल्ड एटलस डॉट कॉम द्वारा जारी की गई थी।

गौरतलब है कि गेवरा और कुसमुंडा खदानें एक साथ मिलकर सालाना एक सौ मिलियन टन से अधिक कोयले का उत्पादन करती हैं, जो भारत के कुल कोयला उत्पादन का लगभग दस प्रतिशत है। गेवरा ओपनकास्ट खदान का परिचालन वर्ष उन्नीस सौ इकयासी में शुरू हुआ था, जिसकी वार्षिक उत्पादन क्षमता सत्तर मिलियन टन है। गेवरा ओपनकास्ट खदान ने पिछले वित्तीय वर्ष में उनसठ मिलियन टन कोयले का उत्पादन किया है। इसमें अगले दशक के लिए देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त कोयला भंडार है। इस बीच, कुसमुंडा खदान ने पिछले वर्ष पचास मिलियन टन से अधिक कोयले का उत्पादन किया।

<u>पहाड़ी कोरवा मौत–जांच</u>

कोरबा जिले में एक पहाड़ी कोरवा और एक अन्य किशोरी की मौत के मामले में खंड चिकित्सा अधिकारी और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की टीम ने जांच प्रतिवेदन सीएमएचओ को प्रस्तुत किया है। सीएमएचओ डॉक्टर एस.एन. केसरी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार दोनों बालिकाओं की मौत बुखार और पीलिया की वजह से हुई है। वहीं, स्वास्थ्य विभाग के जांच प्रतिवेदन के अनुसार क्षेत्र में हालात सामान्य हो रहे हैं और शिविर लगाकर ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की जा रही है। उन्होंने जिले की सभी मितानिनों और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए हैं कि वे अपने–अपने क्षेत्रों का दौरा कर बुखार, दस्त और पीलिया के मरीज मिलने पर प्राथमिक उपचार के बाद सेक्टर चिकित्सक, बीएमओ और जिला कार्यालय को सूचित करें।

<u>रामलला दर्शन योजना</u>

श्री रामलला दर्शन योजना के तहत सरगुजा संभाग के साढ़े आठ सौ श्रद्धालु कल विशेष ट्रेन से अयोध्याधाम के लिए रवाना हुए। इस ट्रेन को सांसद चिंतामणि महाराज, विधायक राजेश अग्रवाल और प्रबोध मिंज ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस विशेष ट्रेन में सरगुजा संभाग के छह जिलों – जशपुर, सूरजपुर, कोरिया, बलरामपुर, सरगुजा और मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर जिले के श्रद्धालु शामिल हैं।

<u>रेलवे–स्वच्छता</u>

भारतीय रेलवे ने ट्रेनों में स्वच्छता का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। रेलवे ने सभी पेंट्रीकार प्रबंधकों को चेतावनी जारी करते हुए सभी एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों में बेहतर सफाई व्यवस्था बनाए रखने को कहा है। इसी कड़ी में रायपुर स्टेशन में क्लीन ट्रेन स्टेशन और मंडल से चलने वाली सभी एक्सप्रेस ट्रेनों में ऑन बोर्डिंग, हाउस कीपिंग स्टाफ जैसी व्यवस्थाएं भी उपलब्ध कराई गई है। इसके अलावा लंबी दूरी की ट्रेनों में यात्रा के दौरान पेंट्रीकार से निकलने वाले कूड़े के निस्तारण के लिए विभिन्न स्थानों पर गार्बेज कलेक्शन पॉइंट भी बनाए गए हैं। इससे ट्रेनों और रेल परिसर में सफाई बनी रहेगी।

<u>मौसम</u>

मौसम विभाग के अनुसार मानसून द्रोणिका जैसलमेर, कोटा, गुना, नरसिंहपुर, राजनांदगांव, कलिंगपट्नम से लेकर मध्य बंगाल की खाड़ी तक विस्तारित है। इसके असर से प्रदेश में अगले चौबीस घंटों के दौरान अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक बंगाल की खाड़ी में कल से एक निम्न दाब का क्षेत्र बनने की संभावना है, जिसकी वजह से प्रदेश में व्यापक वर्षा होने के साथ ही एक–दो स्थानों पर भारी वर्षा होने के आसार हैं।

इस बीच, राजस्व विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक राज्य में दो सौ सतासी मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। बीजापुर जिले में सबसे अधिक

पांच सौ पैंतीस मिलीमीटर और सरगुजा जिले में सबसे कम एक सौ छत्तीस मिलीमीटर औसत वर्षा रिकॉर्ड की गई है।

<u>संक्षिप्त समाचार</u>

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक कल उन्नीस जुलाई शुक्रवार को मंत्रालय में दोपहर तीन बजे होगी।

– गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले के शासकीय शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण महाविद्यालय में डी.पी.एड. और बी.पी.एड. में प्रवेश के लिए बाईस से चौबीस जुलाई के बीच आयोजित होने वाली परीक्षा अब छह से आठ अगस्त के बीच होगी।

– वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी कल रायपुर में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से सम्बद्ध सरस्वती शिक्षा संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए और संस्कृति बोध माला पुस्तकों का विमोचन किया।

– बीते दस जून को बलौदाबाजार के कलेक्टोरेट परिसर और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में हुई आगजनी और तोड़फोड़ की घटना के मामले में आरोपी शिक्षक मोहन बंजारे को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

– नवा रायपुर स्थित मंत्रालय में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाले एक आरोपी को नेवई पुलिस ने रायपुर से गिरफ्तार किया है।

– रायपुर रेलमंडल के सिरसा अंडरब्रिज के मरम्मत कार्य के लिए बीस जुलाई की सुबह नौ बजे से बाईस जुलाई की शाम छह बजे तक अंडरब्रिज को अस्थायी रूप से बंद किया जाएगा।

– भिलाई स्थित एक निजी कंपनी में आज दोपहर आग लग गई। सूचना मिलते ही अग्निशमन की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>